लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........
दिनांक....5. 1. 2020.... पृष्ठ सं.....2..... कॉलम.....3-4.....

# हकृवि के छात्र वत्सल अरोड़ा ने विज्ञान महोत्सव में हासिल किया दूसरा स्थान

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) छात्र वत्सल अरोड़ा ने कोलकाता में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2019 में द्वितीय स्थान हासिल किया है।



छात्र वत्सल अरोड़ा।

उन्होंने नव भारत निर्माण गतिविधि के अंतर्गत एक्शन प्लान फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर श्रेणी में परिसीजन फॉर्मिंग पर अपनी परियोजना की प्रस्तुति के लिए यह पुरस्कार जीता। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित एशिया का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव है। इस महोत्सव में पूरे भारत और अन्य देशों के छात्रों ने अपने विचारों और नए नवाचारों को प्रदर्शित किया। डीआरडीओ, आ ई सी ए आ र , एआईसीटीई, इसरो, डीबीटी आदि जैसे सरकारी संगठनों ने प्रतिभागियों की विज्ञान में रुचि को बढ़ाने के लिए इस महोत्सव में प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया गया। छात्रों को विज्ञान में करियर के लिए प्रेरित करने के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा, यह महोत्सव नव प्रवर्तनकर्ताओं, वैज्ञानिकों और छात्रों के लिए विचारों के आदान प्रदान करने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिए एक बहुत बड़ा मंच था। छात्रों को इस घटना से बहुत अनुभव और नए निर्देश मिलते हैं। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने छात्र वत्सल अरोड़ा की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण, पंजाब केसरी

दिनांक: 5.1.2020 पृष्ठ सं. 19, 3 कॉलम 7-8, 5

## अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में वत्सल ने पाया दूसरा स्थान

**हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) छात्र वत्सल अरोड़ा ने कोलकाता में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2019 मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने नव भारत निर्माण गतिविधि के तहत एक्शन प्लान फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर श्रेणी में परिसीजन फार्मिंग पर अपनी परियोजना की प्रस्तुति के लिए यह पुरस्कार जीता। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित एशिया का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव है। इसमें डीआरडीओ, आईसीएआर, एआईसीटीई, इसरो, डीबीटी आदि जैसे संगठनों ने प्रतिभागियों की विज्ञान में



कृषि महाविद्यालय के बी.एससी (ऑनर्स) छात्र वत्सल अरोड़ा। ● विज्ञप्ति

रुचि को बढ़ाने के लिए इस महोत्सव में प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया। यह महोत्सव नव प्रवर्तनकर्ताओं, वैज्ञानिकों और छात्रों के लिए विचारों के आदान प्रदान करने व उन्हें क्रियान्वित करने के लिए बहुत बड़ा मंच था। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया ने वत्सल को बधाई दी। (जासं)

## छात्र वत्सल ने जीता पुरस्कार

हिसार, 4 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के बी.एससी. (ऑनर्स) छात्र वत्सल अरोड़ा ने कोलकाता में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2019 मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें नव भारत निर्माण गतिविधि के अंतर्गत एक्शन प्लान फॉर सस्टेनेबल फयूचर श्रेणी में परिसीजन फारमिंग पर अपनी परियोजना की प्रस्तुति के लिए यह पुरस्कार जीता।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......हरि. भूमि......
दिनांक...5. 1. 2020... पृष्ठ सं....14.... कॉलम....8....

# हकृवि छात्र वत्सल ने विज्ञान महोत्सव में जीता अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हकृवि कृषि महाविद्यालय के बीएससी ऑनर्स छात्र वत्सल अरोड़ा ने कोलकाता में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2019 मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उन्हें नव भारत निर्माण गतिविधि के अंतर्गत एक्शन प्लान फॉर सस्टेनऐबल फयूचर श्रेणी में परिसीजन फारमिंग पर अपनी परियोजना की प्रस्तुति के लिए यह पुरस्कार जीता। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित एशिया का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव है। इस महोत्सव में पूरे भारत और अन्य देशों के छात्रों ने अपने विचारों और नए नवाचारों को प्रदर्शित किया। डीआरडीओ, आईसीएआर, एआईसीटीई, इसरो, डीबीटी आदि जैसे सरकारी संगठनों ने प्रतिभागियों की विज्ञान में रुचि को बढ़ाने के लिए इस महोत्सव में प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया गया। छात्रों को विज्ञान में करियर के लिए प्रेरित करने के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने उन्हें बधाई दी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर

दिनांक 5.1.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 7-8

# वत्सल अरोड़ा ने कोलकाता में हुए भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में पाया दूसरा स्थान

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू में बीएससी (ऑनर्स) के छात्र वत्सल अरोड़ा ने कोलकाता में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2019 मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें नव भारत निर्माण गतिविधि के अंतर्गत एक्शन प्लान फॉर सस्टेनऐबल फयूचर श्रेणी में परिसीमन फारमिंग पर अपनी परियोजना की प्रस्तुति के लिए यह पुरस्कार दिया गया।। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित एशिया का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव है। इस महोत्सव में पूरे भारत और अन्य देशों के छात्रों ने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।


छात्रों को विज्ञान में कॅरियर के लिए प्रेरित करने के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा यह महोत्सव नव प्रवर्तनकर्ताओं, वैज्ञानिकों और छात्रों के लिए विचारों के आदान-प्रदान करने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिए एक बहुत बड़ा मंच था विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने भी उनकी इस उपलब्धि पर छात्र को बधाई दी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........
दिनांक....4.1.2020.... पृष्ठ सं.....8..... कॉलम.....1-2.....

# हकृवि के वत्सल अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में पुरस्कृत

हिसार/04 जनवरी/रिपोर्टर



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) छात्र वत्सल अरोड़ा ने कोलकाता में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2019 मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें नव भारत निर्माण गतिविधि के अंतर्गत एक्शन प्लान फॉर सस्टेनएबल फ्यूचर श्रेणी में परिसीजन फार्मिंग पर अपनी परियोजना की प्रस्तुति के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित एशिया का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव है। इस महोत्सव में पूरे भारत और अन्य देशों के छात्रों ने अपने विचारों और नए नवाचारों को प्रदर्शित किया। डीआरडीओ, आईसीएआर, एआईसीटीई, इसरो, डीबीटी आदि जैसे सरकारी संगठनों ने प्रतिभागियों की विज्ञान में रुचि को बढ़ाने के लिए इस महोत्सव में प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया गया। छात्रों को विज्ञान में करियर के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजित यह महोत्सव नव प्रवर्तनकर्ताओं, वैज्ञानिकों और छात्रों के लिए विचारों के आदान प्रदान करने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिए एक बहुत बड़ा मंच था। छात्रों को इस घटना से बहुत अनुभव और नए निर्देश मिलते हैं। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

लोक संपर्क कार्यालय


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......सिटी पल्स......

दिनांक...4.1.2020...... पृष्ठ सं....3...... कॉलम...2-5...

# एचएयू के छात्र वत्सल ने पाया अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2019 में द्वितीय स्थान

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के बी.एससी (ऑनर्स) छात्र वत्सल अरोड़ा ने कोलकाता में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2019 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें नव भारत निर्माण गतिविधि के अंतर्गत एक्शन प्लान फॉर सस्टेनऐबल फ्यूचर श्रेणी में परिसीजन फार्मिंग पर अपनी परियोजना की प्रस्तुति के लिए यह पुरस्कार दिया गया।



यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित एशिया का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव है।

इस महोत्सव में पूरे भारत और अन्य देशों के छात्रों ने अपने विचारों और नए विचारों को प्रदर्शित किया। डीआरडीओ, आईसीएआर, एआईसीटीई, इसरो, डीबीटी जैसे सरकारी संगठनों ने प्रतिभागियों की विज्ञान में रुचि को बढ़ाने के लिए इस महोत्सव में प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया।

छात्रों को विज्ञान में करियर के लिए प्रेरित करने के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा, यह महोत्सव नव प्रवर्तनकर्ताओं, वैज्ञानिकों और छात्रों के लिए विचारों के आदान प्रदान करने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिए एक बहुत बड़ा मंच था। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने भी उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 4.1.2020 पृष्ठ सं: 6 कॉलम: 1-6

**पहल • केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान का एचएयू से हुआ 15 लाख में करार, कुल 80 लाख होंगे खर्च**

# पशु नस्ल सुधार से लेकर मुरब्बा-अचार बनाने की भी दी जाएगी ट्रेनिंग

**अनुसूजित जाति के किसानों व पशुपालकों को स्वावलंबी बनाने को विभाग गंभीरी**

**महबूब अली** | हिसार

देशभर के पशुपालकों और किसानों को स्वावलंबी बनाने के लिए केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान पशुओं के नस्ल सुधार से लेकर बीमारियों से बचाव और मुरब्बा से लेकर अचार बनाने की ट्रेनिंग दे रहा है। इसके लिए वर्ष 2020 में 80 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। मुरब्बा और अचार बनाने के लिए संस्थान का एचएयू से करीब 15 लाख रुपये में करार हुआ है। हरियाणा के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार के किसानों ने भी ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी है।

केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. एसएस दहिया ने बताया कि देशभर के अनुसूचित जाति के पशुपालकों से लेकर किसानों को स्वावलंबी बनाने को लेकर विभाग गंभीर है। अनुसूचित जाति के पशुपालकों के लिए वर्ष 2020 में करीब 80 लाख का बजट जारी किया गया है। पशुपालकों को हर माह पशुओं के नस्ल सुधार से लेकर कृत्रिम गर्भाधान, बीमारी से बचाव की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा किसानों को कुछ उपकरण भी दिए जाएंगे। वर्तमान में हरियाणा के अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और यूपी के किसान संस्थान में ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसके अलावा किसानों को स्वावलंबी बनाने के लिए जल्द ही सभी प्रकार के अचार से लेकर मुरब्बा बनाने का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा एचएयू से करीब 15 लाख में करार दिया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को ट्रेंड कर स्वावलंबी बनाना है। किसानों ने प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन कराना भी शुरू कर दिया है।

**यह भी दी जा रही जानकारी :** केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सज्जन सिंह ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान पशुपालकों को पशुओं की नस्लें, नवजात शिशुओं की देखभाल, संतुलित पशु आहार एवं खनिज मिश्रण खिलाने का महत्व, पशुपालन एवं पशु प्रजनन का लेखा-जोखा, वर्ष भर हरे-चारे का उत्पादन एवं दुग्ध उत्पाद बनाने, उत्तम पशुओं का चयन, नस्लों की जानकारी, नस्ल सुधार, पशु आवास प्रबंधन, आहार प्रबंधन, बीमारियों से बचाव, टीकाकरण का महत्व, गर्भकाल में पशुओं की देखभाल, जीवाणु, विषाणु जनित रोग, नवजात की देखभाल, दुग्ध उत्पादन में अधिक लाभ के विकल्प आदि विषयों पर लाभप्रद जानकारियां दी जा रही हैं।

## बरसात में विशेष ध्यान देने की जरूरत

वैज्ञानिक डॉ. सज्जन सिंह ने किसानों को कहा कि बरसात के मौसम में पशुओं का विशेष ध्यान रखें। इस मौसम में कीड़ों व बीमारियों की समस्या अक्सर बढ़ जाती है। इसलिए अपने पशुओं के बाड़ों की साफ-सफाई रखें तथा किसान अपने पशुओं को मुंह-खुर व गलघोंटू का अपने नजदीकी पशु चिकित्सक से परामर्श लेकर टीका लगवाएं।

*देशभर के किसी भी स्थान के अनुसूचित जाति के किसान संस्थान में आकर प्रशिक्षण ले सकते हैं। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। किसानों की एचएयू में भी ट्रेनिंग कराई जाएगी।*

**- डॉ. एसएस दहिया,** निदेशक, केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........
दिनांक....3.1.2020.... पृष्ठ सं....1.... कॉलम....1-2....

# रश्मि त्यागीः एचएयू के शिक्षकों के लिए और क्रिएटिव काम कर सकूं

कमलेश भारतीय



एचएयू के शिंक्षकों के लिए वैसे तो पहले ही काफी बढिया माहौल है उनके कार्यस्थलों पर लेकिन मैं और बेहतर बनवा सकूं इसके लिए चुनाव में उतरी हूं। यह कहना है डॉ. रश्मि त्यागी का जो संभवतः पहली ऐसी महिला प्रत्याशी हैं जो हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ यानी हौटा के चुनाव में दूसरी बार मैदान में उतरी हैं और दुगुने जोश के साथ हैं । रश्मि के पिता डॉ. आरपीएस त्यागी मेरठ के निकट नारंगपुर के निवासी थे और हकृवि के स्थापना के समय से यहां नियुक्त हुए और रश्मि का जन्म और शिक्षा दीक्षा हिसार में ही हुई। डॉ. त्यागी बाद में पालमपुर के कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति भी रहे। बाद में अर्बन एस्टेट में ही जीवन बिताया। रश्मि ने कैम्पस स्कूल से प्रारम्भिक शिक्षा के बाद हकृवि में ही बीएससी और एमएससी और समाजशास्त्र में पीएचडी की। पिछले नौ साल से हकृवि में ही कार्यरत और आजकल समाजशास्त्र विभाग में ही सहायक प्रोफेसर के पद पर।

* चुनाव लड़ने का मन कैसे?
शिक्षकों को और बेहतर माहौल देने के लिए। वैसे आज हमारा समाज पुरूषों और महिलाओं में कोई भेदभाव नहीं रखता। सबको बराबर अधिकार हैं। मैं कुछ क्रिएटिव व पॉजिटिव कर पाऊं। बस। यही इच्छा है।

* आप किन किन गतिविधियों में कॉलेज के समय भाग लेती रहीं?
स्पोर्ट्स पर्सन रही। चार चार गेम्स में। डिस्कस थ्रो, शॉटपुट और सौ मीटर की रेस में। पुरस्कार भी जीते।

* आजकल क्या और कौन सी गतिविधियों से जुड़ी हैं?
बेसिक साइंस कॉलेज की कल्चरल फोरम की सेक्रेटरी और स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर। विद्यार्थियों के लिए हर स्तर पर मददगार।

* और क्या क्या शौक हैं?
पुस्तकें पढ़ना और संगीत सुंनना व गाने गाना।

* कोई और उपलब्धि?
पेरिस में हकृवि की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में शोधपत्र प्रस्तुत किया और प्रशंसित रहा।

*हमारी शुभकामनाएं डॉ. रश्मि त्यागी को।*

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम सिटी पल्स

दिनांक 4.1.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-4

# वास्तविक अध्यात्म पूरे मानव समाज के लिए एक ही है : उप्पल

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्व विद्यालय कृषि अनुसंधान व शिक्षा प्रबन्धन अकादमी तथा मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा वैज्ञानिकों व प्राध्यापकों के लिए शिक्षा तकनीकी विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में रिसोर्स पर्सन के रूप में वैदिक संस्कृति केन्द्र के संस्थापक अध्यक्ष देवेन्द्र उप्पल ने उन्हें सम्बोधित करते हुए कहा कि श्वास्तविक अध्यात्म पूरी मानवता के लिए एक जैसा है। उसमें धर्म, जाति, स्थान व रंगभेद के लिए स्थान नहीं है। हम परम चेतना और सर्वोच्च शक्ति को कोई भी उसका गुणवाची नाम देकर पुकार सकते हैं, परन्तु प्रणव ओउम या ओंकार उसका सर्वमान्य व सर्वश्रेष्ठ निज नाम है। प्रत्येक प्राणी व जीव के प्रति समानता व दयाभाव रखना ही सबसे अच्छी उपासना है। जिस व्यक्ति का जीवन सत्य पर आधारित हैए परोपकारी जीवन है और जो अपने कर्त्तव्य का पालन सच्चे मायनों में करता हैए उसे किसी धर्म स्थल पर जाने की जरूरत नहीं है। उसे मोक्ष या मुक्ति स्वतः इसी जीवन में प्राप्त हो जाती है। वेद, उपनिषद व गीता का संदेश सब धर्मों से ऊपर पूरी मानवता के लिए है। सच्चा अध्यात्म मनुष्य को मनुष्य से जोड़ता है और समाज में सद्भावना उत्पन्न करता है।्य इस अवसर पर उप्पल ने संस्थान व प्रतिभागियों को अपनी पुस्तक व भगवद्गीता भेंट की।



लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम............पाठक पक्ष............
दिनांक...4. 1. 2020........ पृष्ठ सं.......4........ कॉलम.....5-8......

# "वास्तविक अध्यात्म पूरे मानव समाज के लिए एक ही है"



हिसार, 4 जनवरी (निस) : हरियाणा कृषि विश्व विद्यालय कृषि अनुसंधान व शिक्षा प्रबन्धन अकादमी तथा मानव संसाधन प्रबन्धन निदेशालय द्वारा वैज्ञानिकों व प्राध्यापकों के लिए शिक्षा तकनीक विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में रिसोर्स पर्सन के रूप में वैदिक संस्कृति केन्द्र के संस्थापक अध्यक्ष देवेन्द्र उप्पल ने उन्हें सम्बोधित करते हुए कहा कि, "वास्तविक अध्यात्म पूरी मानवता के लिए एक जैसा है। उसमें धर्म, जाति, स्थान व रंगभेद के लिए स्थान नहीं है। हम परम चेतना और सर्वोच्च शक्ति को कोई भी उसका गुणवाची नाम देकर पुकार सकते हैं, परन्तु प्रणव ओ३म या ओंकार उसका सर्वमान्य व सर्वश्रेष्ठ निज नाम है। प्रत्येक प्राणी व जीव के प्रति समानता व दयाभाव रखना ही सबसे अच्छी उपासना है। जिस व्यक्ति का जीवन सत्य पर आधारित है, परोपकारी जीवन है और जो अपने कर्तव्य का पालन सच्चे मायनों में करता है, उसे किसी धर्म स्थल पर जाने की जरूरत नहीं है। उसे मोक्ष या मुक्ति स्वत: इसी जीवन में प्राप्त हो जाती है। वेद, उपनिषद व गीता का संदेश सब धर्मों से ऊपर पूरी मानवता के लिए है। सच्चा अध्यात्म मनुष्य को मनुष्य से जोड़ता है और समाज में सद्भावना उत्पन्न करता है।" इस अवसर पर श्री उप्पल ने संस्थान व प्रतिभागियों को अपनी पुस्तक व भागवद्गीता भेंट की।